सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-346
07/08/2018

मुख्यमंत्री को उच्चस्तरीय समिति का प्रतिवेदन सौंपा गया

पटना, 07 अगस्त 2018 :– 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मुख्यमंत्री को उच्चस्तरीय समिति का प्रतिवेदन समिति के अध्यक्ष श्री अशोक कुमार चौधरी ने सौंपा। ज्ञात हो कि यह प्रतिवेदन रिपोर्ट उच्चस्तरीय समिति द्वारा नियोजित संविदा कर्मियों की सेवा से संबंधित विषयों पर तैयार की गयी है। समिति ने इस दौरान संविदा कर्मियों के संगठनों/संघों/संविदा कर्मी समूह/संविदा कर्मियों से बात कर उनकी समस्याओं एवं मांगों पर गहन चर्चा की।

प्रतिवेदन रिपोर्ट की प्राप्ति के पश्चात मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को त्वरित अपेक्षित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

इस अवसर पर विकास आयुक्त श्री शशि शेखर शर्मा, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव मंत्रिमण्डल समन्वय श्री अरुण कुमार सिंह, प्रधान सचिव पथ निर्माण श्री अमृत लाल मीणा, प्रधान सचिव स्वास्थ्य श्री संजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, सचिव शिक्षा श्री आर0एल0 चोंगथू, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह भी उपस्थित थे।

******